खंड-1

उपखंड-1

पूर्व ऐतिहासिक काल एवं आद्य ऐतिहासिक काल

By Manikant Singh

1. हड़प्पा सभ्यता को निम्नलिखित में किस आधार पर सभ्यता कहा जाना उचित है?

1. यह नगरीकरण की अवस्था में पहुंच गयी।
2. लोगों को लेखन कला का ज्ञान था।
3. लोग कपड़े पहनते थे।
4. हड़प्पाई समाज एक विभाजित समाज था।

कूट:

(a) केवल 1
(b) 1, 2
(c) 1, 2, 3
(d) 1, 2, 3, 4

2. हड़प्पा सभ्यता एक नगरीय सभ्यता थी क्योंकि-

(a) इस सभ्यता से जुड़े हुए अधिकांश स्थल नगर थे।

(b) इस सभ्यता से जुड़े हुए कुछ स्थल नगर थे।

(c) इस सभ्यता के अंतर्गत सर्वाधिक संख्या व्यापारियों की थी।

(d) इस सभ्यता के अंतर्गत ग्रामीण स्थल अनुपस्थित था।

3. हड़प्पाई धर्म के विषय में क्या सत्य है?

1. धर्म के क्षेत्र में स्त्री तत्वों की प्रधानता थी।

2. हड़प्पा सभ्यता के अंतर्गत यज्ञ का प्रचलन था।

3. हड़प्पाई धर्म का संबंध उत्पादन से था।

कूट:

(a) केवल 2 (b) 2, 3

(c) 1, 2 (d) 1, 2, 3

4. हड़प्पा सभ्यता के अंतर्गत निम्नलिखित में किसकी/किनकी उपासना होती थी-

1. पाशुपत शिव
2. गणेश
3. देवी दुर्गा
4. अग्नि

कूटः

(a) केवल 1
(b) 1, 2
(c) 1, 4
(d) 1, 2, 3, 4

5. हड़प्पा सभ्यता के विषय में निम्नलिखित में कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. अन्य समकालीन सभ्यताओं की तुलना में हड़प्पा सभ्यता के लोगों ने सार्वजनिक भवनों पर अधिक खर्च किए।

2. नगर निर्माण योजना में हड़प्पाई लोगों ने उपयोगिता की तुलना में सजावट एवं भव्यता पर विशेष बल दिया।

कूट:

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2
(d) दोनों में से कोई नहीं

मुख्य परीक्षा

प्रश्नः- हड़प्पाई सभ्यता समाप्त नहीं हुई बल्कि अविच्छिन्न रूप में आगे भी चलती रही। परीक्षण कीजिए।

Harappan civilisation did not vanish rather it had continued in India in an uninterrupted manner. Examine the statement.